# प्री-डीएलएड : 6 लाख अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र 14 मई को जारी होंगे

**बीकानेर** | प्रदेश के 377 डीएलएड कॉलेजों में संचालित दो वर्षीय डीएलएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए होने वाली प्री-डीएलएड परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन करने वाले प्रदेश के 6 लाख 5 हजार अभ्यर्थियों को 14 मई को प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। नोडल एजेंसी वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा की ओर से 20 मई को दो पारियों में परीक्षा आयोजित होगी। नोडल एजेंसी में परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी है। पहली पारी में परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तथा दूसरी पारी में दोपहर 2.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। प्रदेश के डीएलएड कॉलेजों में करीब 25 हजार 970 सीटें उपलब्ध हैं। प्री-परीक्षा की मेरिट के आधार पर ही इन कॉलेज में अभ्यर्थियों को सीटों का आवंटन होगा।